प्रेमियों से मिलने को करे जब दिल

प्रेमियों से मिलने को करे जब दिल
सांवरा सजाये भजनो की महफ़िल

प्यारे तू भुला दे अपनी ये हस्ती
सांवरे के नाम की लूट ले मस्ती
बन के तू प्रेमी एक बार ज़रा मिल
सांवरा सजाये भजनो की महफ़िल

श्याम नाम प्यारे आके तू भी ज़रा गए ले
भजनो से प्यारे मेरे श्याम को रिझा ले
बैठा है खामोश क्यों होठों को तू सिल
सांवरा सजाये भजनो की महफ़िल

कहता है रोमी जो है श्याम का दीवाना
पीछे पीछे उसके चलता ज़माना
प्रेमियों में आके तू भी हो जा शामिल
सांवरा सजाये भजनो की महफ़िल
आजा प्यारे ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15558/title/premiyo-se-milne-ko-kare-jab-dil

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |